**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा – प्रदेश सरकार, मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर संवेदनशीलता से काम कर रही है।
- पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण–19' शुरू। दोनों देश अपने अनुभव और सर्वोत्तम तरीकों को साझा करेंगे।
- इस बार चारधाम यात्रा में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए।
- पौड़ी जिले में आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं को निःशुल्क कोचिंग मिलेगी।

**मानव–वन्यजीव संघर्ष**

प्रदेश में हो रही मानव–वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार इसको लेकर संवेदनशीलता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उच्च स्तरीय बैठक भी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव–वन्यजीव संघर्ष में जिन लोगों की मृत्यु हो जाती है, उन्हें दी जाने वाली धनराशि को बढ़ाकर 10 लाख रुपए किया गया है। उन्होंने कहा कि जंगली जानवरों के हमले में घायल होने वाले लोगों के ईलाज को लेकर सरकार कटिबद्ध है। ऐसे लोगों को निःशुल्क उपचार दिया जाएगा।

**संयुक्त सैन्य अभियान**

पिथौरागढ़ में भारत और नेपाल के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सूर्य किरण–19' शुरू हो गया है। आठ दिसंबर तक चलने वाले सैन्य अभ्यास में दोनों देशों के 334–334 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। भारत की ओर से मुख्य रूप से असम रेजिमेंट के जवान और नेपाल की ओर से देवी दत्ता रेजिमेंट के सैनिक भाग ले रहे हैं। अभ्यास में जंगल युद्ध, पर्वतीय क्षेत्रों में आतंकवाद–रोधी अभियान, मानवीय सहायता, आपदा राहत, चिकित्सा सहायता, पर्यावरण संरक्षण और जमीनी व हवाई अभियानों के समन्वय जैसे प्रशिक्षण शामिल हैं। अभ्यास के दौरान दोनों देश अपने अनुभव और सर्वोत्तम तरीकों को साझा करेंगे, जिससे रक्षा सहयोग और द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे। इस बार अभ्यास में नई और उभरती तकनीकों पर खास जोर दिया जाएगा, जिनमें ड्रोन निगरानी, मानव रहित हवाई सिस्टम, एआई आधारित उपकरण, चालक रहित लॉजिस्टिक वाहन और सुरक्षात्मक प्लेटफॉर्म शामिल हैं। इन तकनीकों की मदद से दोनों सेनाएँ अपनी संचालन क्षमता और रणनीतियों को और बेहतर बनाएंगी। अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच तालमेल और अंतर संचालन क्षमता बढ़ाना है, ताकि शांति स्थापना अभियानों के दौरान जोखिम कम किया जा सके।

**सहकारिता मेला**

नैनीताल जिले के हल्द्वानी में सात दिवसीय सहकारिता मेला शुरू हो गया है। सांसद अजय भट्ट और सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने मेले का उद्घाटन किया। मेले में सहकारिता से जुड़े स्टॉल के साथ ही स्थानीय उत्पादों व खानपान समेत डेढ़ सौ से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने कहा कि सहकारिता लोगों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि अब तक सहकारिता के क्षेत्र में आठ हजार करोड़ रूपये के ऋण वितरित किए गए हैं।

## चारधाम यात्रा

राज्य में ग्रीष्मकालीन चारधाम यात्रा कल अपराह्न में बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही संपन्न हो गई। इस बार तीर्थयात्रा के लिये चारधाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या ने रिकॉर्ड बनाया है। इस साल 51 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने चारों धामों के दर्शन किए, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार लाख पैंतीस हजार अधिक है। 30 अप्रैल को यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा शुरू हुई थी। इसके बाद दो मई को केदारनाथ और चार मई को बदरीनाथ धाम के कपाट खुले। केदारनाथ में इस बार सबसे अधिक 17 लाख 68 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, जबकि बदरीनाथ में 16 लाख 60 हजार से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए। गंगोत्री में 7 लाख 57 हजार और यमुनोत्री में 6 लाख 44 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। हेमकुंड साहिब में भी इस बार रिकॉर्ड 2 लाख 74 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। प्राकृतिक आपदाओं के बीच भी लोगों की आस्था और उत्साह में कमी नहीं आई, जिससे यात्रा संख्या ने नया रिकॉर्ड बनाया। कपाट बंद होने के साथ ही अब शीतकालीन यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्थाओं को और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शीतकालीन प्रवास स्थलों पर ठहरने, परिवहन और सुरक्षा की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## निःशुल्क कोचिंग

पौड़ी गढ़वाल में समाज कल्याण विभाग ने आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति के छात्र–छात्राओं को सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने की योजना शुरू की है। पहले चरण में हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल और पी.एन.जी. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामनगर, नैनीताल को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में चुना गया है। कोचिंग अवधि तीन माह निर्धारित की गई। अपर समाज कल्याण अधिकारी अनिल सेमवाल ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और सभी अभ्यर्थियों का चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए छात्र–छात्राओं को राज्य के किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज, संस्थान में नियमित छात्र होना चाहिए तथा उन्होंने इससे पहले समाज कल्याण विभाग की किसी भी कोचिंग योजना का लाभ न लिया हो। आवेदन के सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। स्नातक स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक और शासनादेश में निर्धारित अन्य शर्तें लागू होंगी। साथ ही आवेदन निर्धारित प्रारूप में समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में जमा किए जाएंगे। प्राप्त आवेदनों की मेरिट सूची तैयार कर पात्र छात्रों को चयनित संस्थानों में प्रवेश दिया जाएगा। योजना में छात्र और छात्राओं के लिए 50–50 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। साथ ही दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए भी अलग से आरक्षण का प्रावधान है।

## अवैध अतिक्रमण कार्रवाई

देहरादून जिले के विकासनगर क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसके तहत विकासनगर तहसील की टीम ने अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया। इससे पहले डाकपत्थर, नवाबगढ़, भीमावाला, ढकरानी, ढालीपुर और कुल्हाल क्षेत्र में यूजेवीएनएल की सरकारी जमीनों पर बड़े स्तर पर हुए अवैध कब्जों को कब्जा मुक्त कराया जा चुका है। इस बार भी एक बार फिर से इन्हीं क्षेत्रों में बीते सप्ताह चिन्हित किए गए 111 अवैध कब्जों और उस पर किए गए निर्माणों को ध्वस्त किया गया।